SJU Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 24 सितंबर 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 355

## ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छत्तीसगढ़ क्रेडा लगातार तीसरी बार हुआ पुरस्कृत, मिला एक और राष्ट्रीय पुरस्कार

- ग्रामीण क्षेत्र में ऊर्जा दक्ष उपकरणों को बढ़ावा देने कुल 77 ग्रामों को मॉडल ऊर्जा दक्ष ग्रामों में किया गया विकसित
- 56 स्वास्थ्य केन्द्र मॉडल ऊर्जा दक्ष स्वास्थ्य केन्द्र एवं 376 शासकीय स्कूल मॉडल ऊर्जा दक्ष शासकीय स्कूल के रूप में विकसित



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्टार परफॉर्मेंस अवार्ड से पुरस्कृत किया गया। सोसाईटी ऑफ एनर्जी इजीनियर्स एण्ड मैनेजर्स - सीम द्वारा 21 सितम्बर को आयोजित 8वें नेशनल एनर्जी मैनेजमेंट अवार्ड समारोह में यह सम्मान दिया गया। आलोक कटियार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) द्वारा उक्त पुरस्कार को डॉ. अशोक कुमार, उप महानिदेशक, ऊर्जा दक्षता ब्यूरों, (बी.ई.ई.) भारत सरकार के उपस्थिति में प्राप्त किया गया। इस समारोह में क्रेडा की ओर से संजीव जैन, मुख्य अभियंता एवं राजीव ज्ञानी, अधीक्षण अभियंता भी उपस्थित रहें। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस पुरस्कार के लिए क्रेडा की टीम और प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

उल्लेखनीय है कि लगातार 03 वर्षों (वर्ष 2020, 2021 एवं 2022 ) से क्रेडा को सीम द्वारा ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य नामित एजेंसी के रूप में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। 'छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा)' द्वारा विगत 11 वर्षों में प्रदेश में ऊर्जा संरक्षण एवं ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की गई है। ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिसिएंसी, भारत सरकार की च्ा्ज् परियोजना के अंतर्गत प्रथम एवं द्वितीय चरण में कुल 44 औद्योगिक संस्थानों द्वारा प्रदेश में लगभग 2.198 मिलियन टन ऑफ ऑयल इक्वीवेलेंट (MTO) ऊर्जा की बचत कर लगभग 6.67 मिलियन टन का कार्बन उत्सर्जन कम किया गया है। इस परियोजना के तहत प्रदेश के उद्योगों को कुल दस लाख से भी अधिक एनर्जी सेविंग सर्टिफिकेट ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिसिएंसी के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। व्यावसायिक भवन क्षेत्र में ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा दिये जाने हेतु राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता अधिसूचित किया गया है तथा राज्य में कुल 15 भवनों को ग्रीन भवन के रूप में प्रमाणित किया गया है तथा 8 शासकीय भवनों को स्टार रेटिंग नामित करने हेतु प्रस्ताव केन्द्र शासन को अग्रेषित किया गया है। आवासीय भवनों में इको निवास सहिता (ECO NIWAS Samhita) अंतर्गत ऊर्जा दक्ष भवन निर्माण तकनीक अपनाने हेतु प्रदेश के आवासीय परियोजनाओं ऊर्जा दक्ष बनाने हेतु सतत् कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में क्रेडा द्वारा 150 से ज्यादा जागरूकता कार्यक्रम इंजीनियर्स एवं आर्कीटेक्ट हेतु आयोजित किया गये है।

ग्रामीण क्षेत्र में ऊर्जा दक्ष उपकरणों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कुल 77 ग्रामों को मॉडल ऊर्जा दक्ष ग्रामों में विकसित किया गया है। इसी तरह 56 स्वास्थ्य केन्द्रों को मॉडल ऊर्जा दक्ष स्वास्थ्य केन्द्र एवं 376 शासकीय स्कूलों को मॉडल ऊर्जा दक्ष शासकीय स्कूलों के रूप में विकसित किया गया है। स्कूली छात्र छात्राओं को ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य सेक्रेडा द्वारा कुल 603 स्कूलों में ऊर्जा क्लब का गठन किया गया है तथा आगामी वर्ष में 1 हजार से भी अधिक शैक्षणिक संस्थानों में ऊर्जा क्लब गठन किये जाने का लक्ष्य है।

कृषि क्षेत्र में किसानों को ऊर्जा संरक्षण के विषय में क्रेडा द्वारा बहुआयामी जागरूकता कार्यशाला आयोजित किये गये है। जिसके तहत ऊर्जा दक्ष पंप के उपयोग से होने वाले ऊर्जा एवं पैसे के बचत के विषय पर राज्य के समस्त कृषि विज्ञान केन्द्रों में किसानों को जागरूक किया गया है। प्रदेश के शासकीय कार्यालय एवं संस्थानों ऊर्जा दक्ष उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु क्रेडा द्वारा सतत् प्रयास किये जा रहे है जिससे विद्युत खपत में कमी लाई जा सकें।

## राधा जन्मोत्सव के बीच बड़ी घटना : भीड़ में दम घुटने से दो श्रद्धालुओं ने तोड़ा दम



**मथुरा (आरएनएस)।** राधा जन्मोत्सव के दौरान दर्शन करने के लिए आए दो श्रद्धालुओं की दम घुटने से मौत हो गई। इस हादसे के बाद प्रशासन में खलबली मच गई है। जानकारी के अनुसार यह हादसा शनिवार सुबह लाडली जी मंदिर में अभिषेक के दर्शन के दौरान हुआ है। मृतकों में एक महिला श्रद्धालु शामिल है।

प्रयागराज की रहने वाली 60 वर्षीय श्रद्धालु राजमणि राधारानी के दर्शन करने अपने परिवार के साथ बरसाना पहुंची थीं। सुबह चार बजे वह अभिषेक के दर्शन करने श्रद्धालु सीढिय़ों से लाडली जी मंदिर जा रही थीं। तभी भीड़ के दबाव में उनका दम घुट गया और वो बेहोश हो गईं। महिला श्रद्धालु को उनके स्वजन व पुलिस सीएचसी ले गई। यहां उन्हें मृत घोषित किया गया।

वहीं, सुदामा चौक पर एक अन्य बुजुर्ग भीड़ के दबाव में बेहोश हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित किया गया। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

## बिजली का झटका लगने से तीन की मौत

**काकीनाडा (आरएनएस)।** आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में शनिवार को बिजली का झटका लगने से तीन लोगों की मौत हो गई।

यह घटना तब हुई जब वे गांडेपल्ली मंडल के उप्पलापाडु गांव में एक खेत में पंप सेट की मरम्मत कर रहे थे।

पानी की पाइपलाइन बिजली के तार के संपर्क में आ गई, जिससे यह हादसा हुआ। मृतकों की पहचान बोदिरेड्डी सुरीबाबू (35), किलिनाडु (40) और गल्ला बॉबी (24) के रूप में हुई।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आगे की जांच जारी है।

## सैन्य अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए भारतीय सेना की टुकड़ी रूस रवाना



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राजपूताना राइफल्स बटालियन के 32 कर्मियों वाली भारतीय सेना की टुकड़ी रूस के लिए रवाना हो गई है, जहां वह 25 से 30 सितंबर तक आयोजित होने वाले आतंकवाद विरोधी क्षेत्र प्रशिक्षण अभ्यास में हिस्सा लेंगी। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को घोषणा की। रूस द्वारा आयोजित किया जा रहा बहुराष्ट्रीय संयुक्त सैन्य अभ्यास आतंकवाद से मुकाबले पर आसियान प्लस रक्षा मंत्रियों की बैठक का हिस्सा है। रूस म्यांमार के साथ ईडब्ल्यूजी का सह-अध्यक्ष है।

दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) और प्लस देशों के बीच 2017 से बातचीत और सहयोग की अनुमति देने के लिए यह बैठक सालाना आयोजित की जाती है। इस अभ्यास में गढ़वाले क्षेत्र में आतंकवादी समूहों को नष्ट करने सहित कई आतंकवाद विरोधी अभ्यास शामिल होंगे। अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आतंकवाद-निरोध के क्षेत्र में क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करना और बढ़ावा देना है।

यह भारतीय सेना को अन्य 12 भाग लेने वाले देशों के साथ सहयोग बढ़ाने के अलावा आतंकवाद विरोधी अभियानों में अपनी विशेषज्ञता और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। भारतीय सेना को इस अभ्यास से अपने पेशेवर अनुभव को समृद्ध करने की भी उम्मीद है।

## बांस भी है एक तरह की घास, दुनिया में हैं 14 सौ प्रजातियां



**रायपुर (आरएनएस)।** बांस के बढऩे की गति बहुत तेज होती है. एक दिन में बढऩे की इसकी गति 40 से 90 सेंटीमीटर तक देखी गई है. बांस के कुछ पौधे हर वर्ष फैलते हैं. कुछ पौधे 30 से 100 वर्ष तक भी फैलते हैं.

फैलने के बाद बांस का पौधा मर जाता है. इसके बीजों से नए पौधे उग आते हैं. बांस की अनेक किस्में होती हैं. वैज्ञानिक इसकी लगभग 600 किस्मों का अध्ययन कर चुके हैं. सभी किस्म के बांसों के तने चिकने और जोड़दार होते हैं. इससे तने सख्त और मजबूत हो जाते हैं. बांस सबसे अधिक दक्षिण-पूर्व एशिया, भारतीय उप-महाद्वीप और प्रशांत महासागर के द्वीपों पर पाए जाते हैं.

साल 2009 में वल्ड बैंबू डे को मनाने की शुरुआत वल्ड बैंबू ऑर्गनाइजेशन ने की थी. बांस के उपयोग और इसे उगाने व इसके इस्तेमाल के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए इस दिन को मनाया जाता है. बांस की विश्व में लगभग 14 सौ प्रजातियां पाई जाती हैं.

बांस तो आप सबने अवश्य देखा होगा. नया भवन बनाने के लिए लंबे-लंबे व छोटे बांसों का प्रयोग होता देखा होगा. हमारे घरों में रखीं अस्थाई सीढिय़ां भी अधिकतर बांस से ही बनी होती हैं. लेकिन हम अकसर समझ नहीं पाते कि बांस वनस्पति की किस श्रेणी में आते हैं. बांस के बारे में अधिकांश लोग यह सोचते हैं कि यह झाड़ी की श्रेणी में आता है. इसका कारण यह है कि बांस एक स्थान पर झुंड के रूप में मिलता है. बांस लंबे होते हैं. इसलिए कुछ लोग समझते हैं कि यह पेड़ है. वास्तव में बांस न झाड़ी की श्रेणी में आता है, न पेड़ की. बांस तो एक किस्म की घास है. इसकी ऊंचाई 35 मीटर तक और मोटाई 40 सेंटीमीटर तक हो सकती है. इसका मुख्य तना जमीन के नीचे रहता है. जमीन के नीचे रहने वाले इस तने से ही शाखाएं निकलती हैं. इन शाखाओं के कारण ही हमें बांस का झुंड नजर आता है. यानी बांस तो घास का एक तिनका है.

बैम्बू से जुड़ी और खास जानकारी

बांस एक सदाबहार, बारहमासी पौधा है. तने खोखले होते हैं और व्यास में 8 इंच तक पहुंच सकते हैं. इसके पौधे 100 साल तक जीवित रह सकते हैं.

बांस एक सदाबहार, बारहमासी पौधा है. तने खोखले होते हैं और व्यास में 8 इंच तक पहुंच सकते हैं. इसके पौधे 100 साल तक जीवित रह सकते हैं.

इसकी खास प्रजातियां 1200 मीटर की ऊंचाई तक बढ़ सकती हैं. कई जगहों पर बांस को खाया जाता है. पांडा जैसे जानवर के अलावा इंसान भी इसे खाते हैं. बैंबू के शूट्स का सेवन, सूप, ग्रेवी, अचार और सलाद के तौर पर किया जाता है. इसके जंगल बाकी पेड़ों के जंगलों की तुलना में बहुत तेजी से विकसित होते हैं. बांस अन्य पेड़ों की तुलना में 35फीसदी अधिक ऑक्सीजन का उत्पादन करता है. इसके पौधे भारी मात्रा में ग्रीनहाउस गैसों को अवशोषित करते हैं. बांस बरसात के मौसम में अपने राइजोम्स और तनों में बड़ी मात्रा में पानी इक_ा कर सकता है. बांस बॉयोडाइवर्स इकोसिस्टम का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है. पांडा समेत कई जानवर भोजन और आश्रय के लिए बांस पर निर्भर हैं.

## घर बैठे लाखों कमाने का झांसा देकर सॉफ्टवेयर इंजीनियर को बनाया शिकार, 6.80 लाख रुपए ठगे

**नोएडा (आरएनएस)।** पार्ट टाइम नौकरी कर घर बैठे लाखों रुपए कमाने का झांसा देकर साइबर जालसाजों ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर से छह लाख 80 हजार रुपए की ठगी की। पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने में की है। अज्ञात जालसाज के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा के निराला स्टेट के अजीत सिंह राघव ने बताया कि कुछ समय पहले उनके मोबाइल पर पार्ट टाइम नौकरी कर प्रतिमाह लाखों रुपये कमाने का मैसेज आया। मैसेज के माध्यम से बात करने पर जालसाज ने इंजीनियर को बताया कि उसे इंस्टाग्राम पर प्रोफाइल्स को फॉलो करना होगा। प्रति फॉलो पर शिकायतकर्ता को 50 रुपये बतौर मुनाफा देने की बात तय हुई। इसके बाद शिकायतकर्ता को अलास नाम की टेलीग्राम आईडी से जोड़ा गया। प्रारंभिक चरण में कुछ मुनाफा देने के बाद जालसाजों ने पीड़ित को प्रीपेड टास्क का हवाला देते हुए निवेश पर तीन गुना मुनाफा देने की बात कही। एक हजार रुपये का निवेश करने पर पीड़ित को 30 प्रतिशत मुनाफा सहित रकम वापस कर दी गई। इसके बाद पीड़ित ने कई बार में कुल छह लाख 80 हजार रुपये निवेश कर दिए। इसमें कुछ रकम उसने रिश्तेदारों से भी ली। इंजीनियर पर छह लाख रुपये और निवेश करने का दबाया बनाया जाने लगा तो उसे ठगी की आशंका हुई।

## प्रधानमंत्री आज 9 वंदे भारत एक्सप्रेस को दिखाएंगे हरी झंडी : 11 राज्यों में कनेक्टिविटी को देंगी बढ़ावा

- -पुरी, मदुरै और तिरूपति जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों को वंदे भारत से मिलेगी कनेक्टिविटी
- -ट्रेनें अपने संचालन के मार्गों पर सबसे तेज़ होंगी और यात्रियों के समय की काफी बचत करेंगी
- -नई ट्रेनें यात्रियों को विश्व स्तरीय अनुभव प्रदान करेंगी और पर्यटन को बढ़ावा देंगी



**रायपुर (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल रविवार याने 24 सितंबर को दोपहर 12:30 बजे वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए 9 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। ये नई वंदे भारत ट्रेने देश भर में कनेक्टिविटी में सुधार और रेल यात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक कदम हैं। जिन नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई जाएगी वे हैं:-

उदयपुर-जयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, तिरुनेलवेली-मदुरै-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस, हैदराबाद-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस, विजयवाड़ा - चेन्नई (रेनिगुंटा के माध्यम से) वंदे भारत एक्सप्रेस, पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, कासरगोड-तिरुवनंतपुरम वंदे भारत एक्सप्रेस, राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस, रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस

जामनगर-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस, ये नौ ट्रेनें ग्यारह राज्यों राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, झारखंड और गुजरात में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देंगी।

ये वंदे भारत ट्रेनें अपने संचालन के मार्गों पर सबसे तेज़ ट्रेन होंगी और यात्रियों का काफी समय बचाने में मदद करेंगी। मार्ग पर वर्तमान सबसे तेज़ ट्रेन की तुलना में, राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस और कासरगोड-तिरुवनंतपुरम वंदे भारत एक्सप्रेस लगभग 3 घंटे तेज़ होंगी; हैदराबाद-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस 2.5 घंटे से अधिक विलंबित; तिरुनेलवेली-मदुरै-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस 2 घंटे से अधिक विलंबित; रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस और जामनगर-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस लगभग 1 घंटे की देरी से; और उदयपुर-जयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस लगभग आधे घंटे की देरी से।

देश भर में महत्वपूर्ण धार्मिक स्थानों की कनेक्टिविटी में सुधार करने के प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप, राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस और तिरुनेलवेली-मदुरै-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस पुरी और मदुरै के महत्वपूर्ण धार्मिक शहरों को जोड़ेगी। इसके अलावा, विजयवाड़ा-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस रेनिगुंटा मार्ग से संचालित होगी और तिरुपति तीर्थस्थल केंद्र तक कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।

इन वंदे भारत ट्रेनों की शुरूआत से देश में रेल सेवा के एक नए मानक की शुरुआत होगी। विश्व स्तरीय सुविधाओं और कवच तकनीक सहित उन्नत सुरक्षा सुविधाओं से सुसज्जित ये ट्रेनें आम लोगों, पेशेवरों, व्यापारियों, छात्र समुदाय और पर्यटकों को यात्रा के आधुनिक, त्वरित और आरामदायक साधन प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होंगी।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुंबई में 15 मंजिला इमारत की ऊपरी मंजिल पर लगी आग, दम घुटने से 60 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**मुंबई (आरएनएस)।** मुंबई के दादर में शनिवार सुबह 15 मंजिला इमारत की ऊपरी मंजिल पर आग लगने से 60 वर्षीय एक व्यक्ति की दम घुटने से मौत हो गई। बीएमसी आपदा नियंत्रण ने यह जानकारी दी। दादर हिंदू कॉलोनी में रेनट्री बिल्डिंग की 13वीं मंजिल पर सुबह करीब 8.35 बजे आग लग गई, जिससे ऊपरी मंजिलों पर रहने वाले लोगों में दहशत फैल गई। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि कुछ स्थानीय लोगों ने इमारत के ऊपर धुएं का गुबार देखे जाने पर इमारत के निवासियों की मदद करने का प्रयास किया। सचिन पाटकर (60) नामक एक व्यक्ति को जहरीले धुएं के कारण सांस लेने में समस्या हो रही थी। उसे लगभग 9.50 बजे सायन अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। आग लगने का कारण और अन्य हताहतों का विवरण ज्ञात नहीं है और अग्निशमन अभियान जारी है।

### खालिस्तानी आतंकी निज्जर ने पाकिस्तान में ली थी आईईडी ब्लास्ट की ट्रेनिंग, डेरा सच्चा सौदा पर हमले की थी तैयारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सिख अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले को लेकर भारत और कनाडा के बीच विवाद बढ़ता ही जा रहा है। इधर सूत्रों के हवाले से खबर है कि निज्जर डेरा सच्चा सौदा पर हमला करने की तैयारी में था। यही नहीं वह भारत में लोगों पर भी हमले करने की तैयारी में था। सूत्रों के हवाले से खबर आ रही है कि हरदीप सिंह निज्जर ने पाकिस्तान में जगतार सिंह से आईईडी ब्लास्ट की ट्रेनिंग ली थी। मालूम हो भारत सरकार ने 2020 में निज्जर को ्रक्क्र के तहत आतंकी घोषित किया था। साथ ही भारत ने 2018 में निज्जर को लेकर कनाडा को डोजियर सौंपा था। सूत्रों के हवाले से ये भी खबर है कि खालिस्तानी अलगावादी नेता हरदीप सिंह निज्जर फर्जी पासपोर्ट का इस्तेमाल करके उत्तरी अमेरिकी देश पहुंचा और कनाडा ने उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जबकि उसे यह बताया गया था कि वह हत्या और अन्य आतंकवादी मामलों समेत 12 से अधिक आपराधिक मामलों का सामना कर रहा है।

### इंदौर में चलती बाइक पर सांप ने युवक को काटा, युवक की हुई मौत

**इंदौर (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के इंदौर में बाइक पर हाथ में पकड़ कर ले जा रहे सांप ने युवक को काट लिया। इसके बाद युवक गिराने का बाद उठ नहीं सका। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया गया है कि यह वाक्या महू के तेलीखेड़ा गांव का है, जहां एक युवक गौशाला घाट के पास से सांप को पकड़ कर ला रहा था, इसी दौरान उसे सांप ने काट (डस) लिया। इसके बाद वह मौके पर गिर गया और फिर उठ नहीं सका। इसके बाद तत्काल युवक को अस्पताल लेकर जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरे से जो फुटेज सामने आए हैं वह पूरे घटनाक्रम को बयां कर रहे हैं। जिसमें एक व्यक्ति हाथ में सांप को पड़े हुए हैं। इसी दौरान वह बाइक से गिरता है और फिर उठाता नहीं।

### लिफ्ट हादसे में आखिरी बचे घायल कैफ ने भी दम तोड़ा, मृतकों की संख्या नौ हुई

**नोएडा (आरएनएस)।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के बिसरख थाना इलाके में 15 सितंबर को हुए लिफ्ट हादसे में चार लोगों की मौत घटना के दिन ही हो गई थी। उसके अगले दिन पांच घायलों में से चार ने दम तोड़ दिया था। आखिरी बचे घायल की भी बीती रात मौत हो गई। घायल कैफ का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा था। उसे गंभीर आई थी। वह जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा था। शुक्रवार रात उसने 1:11 बजे उसने दम तोड़ दिया। इसके साथ ही हादसे में मरने वालों की संख्या बढक़र नौ हो गई है। मरने वालों में कैफ के अलावा इस्ताक अली, अरुण तांती मंडल, विपोत मंडल, आरिस खान, असुल मुस्तकीम, अब्दुल मुस्तकीम, कुलदीप पाल और अरबाज अली शामिल हैं। बिसरख थाना इलाक़े की निर्माणाधीन सोसायटी आम्रपाली ड्रीम वैली में 15 सितंबर को सुबह लिफ्ट गिर गई थी। हादसे के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डीएम से जानकारी हासिल की थी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात की थी।